Title : Need to expedite construction of Lakhwar dam, Kishau dam, Renuka dam and inter-linking of Sharada and Yamuna rivers-Laid.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): आने वाले समय में दुनियां के साथ साथ हमारे देश में भी पानी की भारी किल्लत होने वाली है । पानी बचाने के बहुत ज्यादा संसाधन अभी तक हमारे देश में नहीं हैं । वैसे तो भारत सरकार पानी को बचाने पर पूरा ज़ोर दे रही है । लेकिन नदियों आपसे जोड़ने का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है । रेणुका, किसाऊ, लखवार बांधो के बनाए जाने से हिमाचल से लेकर हरियाणा-दिल्ली-राजस्थान-गुजरात- महाराष्ट्र तक पानी जाना है । लेकिन इन बांधों के काम को जितनी तेज गति से चलाना था वो नहीं हो पाया । सभी राज्यों व केंद्र सरकार का दो बांधो के लिए MOU भी साइन हो चुके । लेकिन तीसरे बांध का अभी पेंडिंग है । मेरा निवेदन है इन प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए । शारदा -यमुना नदियों को जोड़ने की घोषणा भी बहुत पहले की जा चुकी है । इसे भी जल्द पूरा किया जाए । ताकि हरियाणा के हिस्से का पानी मिल सके । लखवार-किसाऊ, रेणुका बांधों का वर्तमान स्टेट्स और शारदा-यमुना का भी वर्तमान स्टेट्स दिया जाए ।